Title: Need to accord the status of a Central University to Guru Ghasidas University in Bilaspur district, Chattisgarh. – Laid.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर): अध्यक्ष महोदय, बिलासपुर जिले के गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की आवश्यकता है क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र विश्वविद्यालय है। यह अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है और इनके सामाजिक व राजनैतिक विकास हेतु केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज, टैक्नालॉजी कम्प्यूटर शिक्षा प्रणाली लागू होना आवश्यक है।

अतः केन्द्र से अनुरोध है कि बिलासपुर में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्वीकृति दी जाये।